**संख्या:25/2016/269जेएल/22-3-16-100(8)/2016**

**प्रेषक,**

**आर0के0 दिवेदी,**
विशेष कार्याधिकारी,
उत्तर प्रदेश शासन।

**सेवा में,**

**महानिरीक्षक,**
कारागार प्रशासन एवं सुधार सेवायें,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

***कारागार प्रशासन एवं सुधार अनुभाग-3*** ***लखनऊ: दिनांक: 21 जनवरी, 2016***

**विषय:** विभिन्न कारागारों में निरूद्ध 03 विचाराधीन बंदियों अन्यत्र कारागारों में स्थानान्तरित किये जाने के सम्बन्ध में।

**महोदय,**

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-1833/सामा-1(3)/बंदी स्थानान्तरण/2016, दिनांक 18-01-2016 में की गयी संस्तुति के संदर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 जेल मैनुअल के प्रस्तर-128 सपठित-409ए में निहित प्राविधानों के अनुसार विभिन्न कारागारों में निरूद्ध निम्नलिखित 03 (तीन) विचाराधीन बंदियों को उनके नाम के सम्मुख कालम-4 में अंकित कारागारों में स्थानान्तरित किये जाने की स्वीकृति **इस शर्त के अधीन प्रदान की जाती है कि बंदियों को स्थानान्तरित किये जाने के पूर्व विशेष अनुज्ञा याचिका संख्या-1735-1739-महाराष्ट्र राज्य बनाम सईद सुहैल शेख व अन्य में मा0 सर्वोच्च न्यायालय द्वारा प्राविधानित व्यवस्था के अनुसार समस्त मा0 विचारण न्यायालयों की पूर्वानुमति सम्बन्धित कारागार के वरिष्ठ अधीक्षक/अधीक्षक द्वारा अवश्य प्राप्त कर ली जायेगी** :-

| क्र.स. | विचाराधीन बंदी का नाम/पिता का नाम | निरूद्धी की वर्तमान कारागार | कारागार का नाम जहॉ स्थानान्तरित किया जाना है। |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | चन्द्र कुमार उर्फ चन्दू पुत्र अरविन्द कुमार | के0का0 फतेहगढ़ | जि0का0 सहारनपुर। |
| 2 | ऋषि कुमार पुत्र अरविन्द कुमार | के0का0 आगरा | जि0का0 मिरजापुर। |
| 3 | अरविन्द कुमार पुत्र श्री चिरौंजीलाल | जि0का0 मैनपुरी | जि0का0 बांदा। |

**2-** कृपया उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्याशासन को अविलम्ब उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**भवदीय,**

**(आर0के0 दिवेदी)**
**विशेष कार्याधिकारी।**

**संख्या:25/2016/269जेएल(1)/22-3-16-उक्तदिनांक।**

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. जिला मजिस्ट्रेट, फर्रूखाबाद/आगरा/मैनपुरी/सहारनपुर/मिरजापुर/बांदा।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, फर्रूखाबाद/आगरा/मैनपुरी/सहारनपुर/मिरजापुर/बांदा।
3. वरिष्ठ अधीक्षक, के0का0, फतेहगढ़/आगरा।
4. अधीक्षक, जि0का0, मैनपुरी/सहारनपुर/मिरजापुर/बांदा।
5. गार्ड फाइल।

**आज्ञा से,**

**(आर0के0 दिवेदी)**
**विशेष कार्याधिकारी।**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in